शिक्षक दिवस

अमर उजाला 5 सितम्बर 2016

अमर उजाला रामपुर-रोहड़ू

चंडीगढ़



बुशहर बीएड कॉलेजमें शिक्षकों को सम्मानित करते छात्र और छात्राएं। अमर उजाला

## बीस साल ... रही शिक्षकों ...

रोहड़ू। हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड लिमिटेड के स्कूलों में तैनात अध्यापक कई सालों से पदोन्नति की राह देख रहे हैं।

बोर्ड के स्कूलों में तैनात शिक्षकों ने बोर्ड प्रबंधन से नियमित करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार मांग करने के बाद भी उनकी मांग को पूरा नहीं किया जा रहा है। करीब दो दर्जन से अधिक शिक्षक करीब 20 सालों से सेवाएं दे रहे हैं।

बिजली बोर्ड संदासू स्कूल में कार्यरत प्रमोद रेटका, भावनगर स्कूल के प्रवक्ता राजकुमार, जेबीटी पदम सिंह, प्रेम शर्मा,

# गुरुओं के सम्मान में जगह-जगह स्कूलों में ...

## अपर शिमला में शिक्षक दिवस पर अध्यापकों को नवाजा, छात्रों ने दी रंगारंग कार्यक्र...

अमर उजाला ब्यूरो

रामपुर। अपर शिमला में सोमवार को स्कूलों में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया। इसके चलते छात्र और छात्राओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राजकीय माध्यमिक पाठशाला कोटी कापटी में अध्यापक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्त अध्यापक बहादुर सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल जगातखाना में भी शिक्षक दिवस



देवठी स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करती छात्राएं।



पदम छात्र स्कूल रामपुर में प्रधानाचार्य को सम्मानित करते प्रशिक्षु।

अमर उजाला 19-10-2016





बुशहर बीएड कॉलेज में मेंहदी प्रतियोगिता के दौरान मौजूद प्रशिक्षु और अन्य।

..., बुशहर बीएड संस्थान नोगली में मंगलवार को करवाचौथ के उपलक्ष्य पर अंतर सदनीय मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य सलाहकार डॉ. एमएस नेगी ने कहा कि प्रतियोगिता में संतोष और संजीव ने पहला स्थान हासिल किया। रीना, पूजा, आरती, सरोज, नीशा और दीपाली संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। मोनिका, बबली, आंचल, एकता ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। इस दौरान पवन आनंद, हितेंद्र गुप्ता, राजीव शर्मा, राकेश ठाकुर, वर्षा ठाकुर, लोबजंग, हेमलता, कल्याणी नेगी, ललित, जेपी मेहता और पूर्ण चंद आदि उपस्थित रहे।



रामपुर बुशहर : मेहंदी प्रतियोगिता के दौरान बी.एड. कालेज की छात्राएं। (वीरेंद्र)

## संतोष व संजीवा प्रथम, रीना व पूजा रहीं द्वितीय

**उधर,** बुशहर बी.एड. कालेज नोगली में करवाचौथ के उपलक्ष्य में अंतरसदनीय मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संतोष व संजीवा ने प्रथम, रीना व पूजा, आरती व सरोज, निशा व दीपाली ने दूसरा, मोनिका व बबली तथा आंचल व एकता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर संस्थान के सचिव पवन आनंद, कोषाध्यक्ष हितेंद्र गुप्ता, निदेशक ई. राजीव शर्मा, प्राध्यापक राकेश ठाकुर, वर्षा ठाकुर, लोबजंग छोडन, हेमलता, कल्याणी नेगी, ललित कायस्थ, जे.पी. मेहता व पूर्ण चंद सहित अन्य अध्यापक मौजूद थे।

पंजाब केसरी 19-10-2016

# परीक्षा परिणाम में नेहा प्रथम

## सुन्दर लता द्वितीय व ललिता चौहान तृतीय रही

रामपुर बुशहर, 15 नवम्बर (नोगल): बुशहर बी.एड. संस्थान नोगली का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। संस्थान की नेहा मेहता ने 525 अंक लेकर प्रथम, सुन्दर लता ने 516 अंक लेकर द्वितीय व ललिता चौहान ने 515 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी संस्थान के प्रधान सलाहकार डा. एम.एस. नेगी ने दी। छात्राओं की उपलब्धियों पर संस्थान के प्राध्यापक राकेश ठाकुर, वर्षा ठाकुर, ललित कायस्थ, लोबजंग छोड़न, कल्याणी नेगी व हेमलता बिष्ट से छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।







पंजाब केसरी
16-11-2016

## बीएड का वार्षिक परिणाम 96 प्रतिशत रहा

रामपुर बुशहर। बुशहर बीएड संस्थान नोगली के प्रथम वर्ष के वार्षिक परिणाम में इस बार फिर से संस्थान की प्रशिक्षुओं ने शानदार प्रदर्शन किया। नेहा मेहता ने 700 अंकों में से 528 अंक लेकर पहला, सुंदरलता ने 516 अंक लेकर दूसरा और ललिता चौहान ने 515 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस वर्ष बीएड प्रथम वर्ष में 46 प्रशिक्षुओं ने परीक्षा दी थी। संस्थान का परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा। संस्थान के प्रधान सलाहकार डॉ. एमएस नेगी ने इस उपलब्धि के लिए प्राध्यापक वर्ग राकेश ठाकुर, वर्षा ठाकुर, ललित कायथ, लोबजंग छोडन, कल्याणी नेगी, हेमलता और प्रबंधन समिति के सदस्य पवन आनंद, हितेंद्र गुप्ता, ई. राजीव शर्मा, और डीडी मेहता को बधाई दी।

अमर उजाला 16-11-2016

13-02-2017

# प्रशिक्षुओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण




बुशहर बीएड संस्थान नोगली के प्रशिक्षु शैक्षणिक भ्रमण के दौरान • जागरण

**संवाद सूत्र, नोगली (ननखड़ी) :** बुशहर बीएड संस्थान नोगली के प्रशिक्षु पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण से लौट आए। संस्थान के प्रधान सलाहकार डॉ. एमएस नेगी ने बताया कि भ्रमण प्रशिक्षु छात्र व छात्राओं ने आगरा में ताजमहल, मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि, वृंदावन में बांकेबिहारी लाल का मंदिर व मधुवन, एस्कोल मंदिर, कुरूक्षेत्र में ब्रह्म सरोवर और पिंजौर गार्डन सहित दर्जनों धार्मिक व रमणीक क्षेत्रों का भ्रमण किया।

इसके अतिरिक्त दिल्ली, पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी गए। भ्रमण में 45 प्रशिक्षुओं सहित प्राध्यापक राकेश ठाकुर, ललित कायथ, कल्याणी नेगी, हेमलता बिष्ट, डॉ. निशा शर्मा व निखिल आदि उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण

13-02-2017.
Educational Tour

# छात्रों ने कई राज्यों की संस्कृति का किया अध्ययन

- बीएड छात्रों का दल शैक्षणिक भ्रमण से लौटा

- डीएनएस न्यूज, रामपुर बुशहर

बुशहर बीएड संस्थान नोगली के छात्रों का एक दल कई राज्यों के शैक्षणिक भ्रमण कर वापस लौट आया है। छात्रों के इस दल में 45 छात्र व अध्यापक शामिल थे। इस दौरान संस्थान के छात्रों ने मुख्य रूप से आगरा का ताजमहल, मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि, वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर, मधुवन और एस्कान श्री कृष्ण मंदिर के अलावा कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर, पिंजौर के मुगल गार्डन के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की।

संस्थान के छात्रों ने हरियाणा, दिल्ली, पंजाब तथा उत्तर प्रदेश की औद्योगिक परिस्थितियों का भी गहनता से अध्ययन किया।



रामपुर. विभिन्न राज्यों के भ्रमण के बाद लौटे बीएड संस्थान के विद्यार्थियों का दल।

विद्यार्थियों ने उपरोक्त प्रदेशों की संस्कृति व खान-पान का विस्तार से अध्ययन किया। दल का नेतृत्व कर रहे संस्थान के प्रधान सलाहकार डॉ. एमएस नेगी ने बताया कि विभिन्न प्रदेशों के रीति-रिवाज, ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करना भी शिक्षा का एक अहम हिस्सा है। इसलिए समय-समय पर संस्थान के प्रशिक्षुओं को भ्रमण पर ले जाया जाता है। इस भ्रमण में प्रध्यापक राकेश ठाकुर, ललित कायथ, कल्याणी नेगी व हेमलता बिष्ट छात्रों के साथ रहे। डॉ. निशा शर्मा और निखिल बतौर मार्गदर्शक मौजूद रहे।

दैनिक न्याय सेतु

# प्रशिक्षुओं ने धार्मिक स्थलों का किया भ्रमण

रामपुर बुशहर। बुशहर बीएड कॉलेज नोगली के प्रशिक्षु, अध्यापक पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के बाद वापस आए। उन्होंने आगरा में ताजमहल, मथुरा में राम जन्म भूमि, वृंदावन में बांके बिहारीलाल के मंदिर के दर्शन किए।

मधुवन और एस्कोन मंदिर, कुरुक्षेत्र में ब्रह्म सरोवर, पिंजौर गार्डन आदि का भ्रमण किया। प्रशिक्षुओं ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश अन्य राज्यों की भौगोलिक परिस्थितियों, संस्कृति, खानपान की जानकारी भी प्राप्त की। इसके चलते प्रशिक्षुओं ने इन राज्यों के रहन-सन के बारे में भी जानकारी हासिल की।

भ्रमण में प्राध्यापक राकेश ठाकुर, ललित, कल्याणी नेगी, हेमलता सहित ट्रेवल वर्ल्ड की प्रशिक्षु दल से डॉ. निशा और निखिल शामिल रहे। (ब्यूरो)

अमर उजाला



मपुर बुशहर : बुशहर बीएड कालेज का दल शैक्षणिक भ्रमण से वापस लौटा

दिव्य हिमाचल

# शैक्षणिक भ्रमण किया

रामपुर बुशहर - बुशहर बीएड कालेज नोगली के प्रशिक्षु अध्यापक पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण से लौट आए हैं। इस दौरान प्रशिक्षु अध्यापकों ने आगरा में ताजमहल, मथुरा में राम जन्म भूमि व वृंदावन में बांके बिहारी लाल के मंदिर के दर्शन किए। वहीं मधुवन व एस्कोन मंदिर तथा कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर, पिंजौर गार्डन सहित अनेक धार्मिक व रमणीय स्थलों का भ्रमण किया। प्रशिक्षु छात्रों ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों की भौगोलिक परिस्थितियों व संस्कृति तथा खान-पान की जानकारी भी प्राप्त की। इस मौके पर प्राध्यापक राकेश ठाकुर, ललित, कल्याणी नेगी, हेमलता सहित ट्रैवल वर्ल्ड की प्रशिक्षु दल की डा. निशा व निखिल मौजूद रहे।

9-3-2017

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रॉबर्ट सदन प्रथम

## सेना में लेफ्टिनेंट बनीं राजकुमारी की माता को किया गया पुरस्कृत

अमर उजाला ब्यूरो

रामपुर बुशहर।

बुशहर बीएड संस्थान नोगली में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इसके चलते अंतर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में रॉबर्ट ग्लेजर सदन प्रथम और सुकरात द्वितीय रहा। डस्टबिन और स्लाद मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के 90 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

प्राध्यापक राकेश ठाकुर ने कहा कि डस्टबिन मेकिंग में सुकरात सदन पहले और गांधी सदन दूसरे स्थान पर रहा। सलाद प्रतियोगिता में गांधी सदन ने पहला और सुकरात सदन ने दूसरा स्थान हासिल किया। महिला दिवस पर नरेश, प्रियंका, प्रेम भारती और अश्वनी ने नारी की बढ़ती लोकप्रियता और अमूल्य योगदान विषय पर विचार रखे। इस दौरान कार्यवाहक प्राचार्य वर्षा ठाकुर, प्राध्यापक राकेश ठाकुर, आरती ठाकुर, ललित कायथ, कल्याणी नेगी, हेम लता, जेपी मेहता, पूर्ण चंद सहित प्रशिक्षु मौजूद रहे। उधर, बाल विकास परियोजना विभाग निथर की ओर से निरमंड में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त बाल विकास परियोजना अधिकारी चंद्रकला बंसल बतौर मुख्यातिथि मौजूद रही, जबकि राज्य महिला कल्याण समिति की सदस्य रजनी मिश्रा ने समारोह की अध्यक्षता की। बाल विकास परियोजना अधिकारी निथर सत्यपाल वर्मा ने महिलाओं के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। तहसील कल्याण अधिकारी निरमंड और महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुलोचना शर्मा ने भी विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। इसके चलते विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान निरमंड से हाल ही में सेना में लेफ्टिनेंट बनी राजकुमारी की माता को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

अमर उजाला



पंजाब केसरी

# महिला दिवस पर प्रतियोगिता में महिलाओं ने सजाया सलाद

**रामपुर बुशहर** | बुशहर बीएड संस्थान नोगली में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस मौके पर अंतर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रॉबर्ट ग्लेजर सदन प्रथम, सुकरात सदन दूसरे स्थान पर रहा। डस्टबिन मेकिंग व सलाद मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें 90 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्राध्यापक राकेश ठाकुर ने बताया कि छात्र छात्राओं में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस प्रतियोगिता में स्वच्छता का संदेश दिया। ताकि एक स्वच्छ समाज में महिलाओं की अधिकतर भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

## डस्टबिन मेकिंग में सुकरात सदन रहा प्रथम

बुशहर बीएड संस्थान में डस्टबिन मेकिंग में सुकरात सदन प्रथम और गांधी सदन दूसरे स्थान पर रहा। जबकि सलाद प्रतियोगिता में गांधी सदन प्रथम और सुकरात सदन ने दूसरा स्थान हासिल' किया। इस अवसर पर नरेश, प्रियंका, प्रेम भारती व अश्वनी ने नारी की बढ़ती लोकप्रियता व अमूल्य योगदान विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इन्होंने महिलाओं को सभी प्रकार के क्षेत्रों में आगे आने का आह्वान किया। ताकि महिलाओं को सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा सके। मौके पर कार्यवाहक प्राचार्य वर्षा ठाकुर, प्राध्यापक राकेश, आरती ठाकुर, ललीत कायथ, कल्याणी नेगी, हेम लला, जेपी मेहता, पूर्ण चंद आदि उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर

# महिला दिवस पर नोगली में प्रतियोगिताओं का आयोजन

रामपुर बुशहर, 8 मार्च (नोगल): उपमंडल रामपुर के बी.एड. कालेज नोगली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रॉबर्ट ग्लेजर सदन ने प्रथम व सुकरात सदन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं में संस्थान के 90 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

यह जानकारी महाविद्यालय के प्राध्यापक राकेश ठाकुर ने दी। इस अवसर पर नरेश, प्रियंका, प्रेम भारती व अश्वनी ने नारी की बढ़ती लोकप्रियता व अमूल्य योगदान विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उधर, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर झाकड़ी परियोजना ऑडिटोरियम में भी महिला एवं बाल विकास परियोजना रामपुर द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पंजाब केसरी

Annual Sports - Meet 2017

दिव्य हिमाचल 4-3-2017



रामपुर बुशहर : बुशहर बीएड संस्थान की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में उपस्थित प्रशिक्षु व अन्य

## रवीना-प्रताप दौड़े सबसे तेज

रामपुर बुशहर - बुशहर बीएड संस्थान नोगली में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल दत्तनगर में संपन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्थान के निदेशक राजीव शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य कृष्ण सिंह नेगी विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रतियोगिता में संस्थान के सभी सदनों के 110 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सौ मीटर की दौड़ में रवीना और प्रताप ने गोल्ड मेडल पर बाजी मारी। दौ सो मीटर की दौड़ में प्रताप और निशा ने पहला स्थान झटका। मुकेश और परलोका ने दूसरा स्थान हासिल किया। शॉटपुट में परलोका ने स्वर्ण, डिंपल ने सिल्वर और संतोष ने कांस्य पदक जीता। छात्र वर्ग में कपिल ने पहला, रमन और रोहित ने दूसरा, मनजीत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रा वर्ग की लंबीकूद में रूवीना पहले और सरोज दूसरे स्थान पर रहे। छात्र वर्ग में विशाल मोहन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## दौड़ में रवीना, प्रताप ने झटका गोल्ड मेडल

अमर उजाला ब्यूरो

रामपुर बुशहर।

बुशहर बीएड संस्थान नोगली (कलना) में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल दत्तनगर में किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्थान के निदेशक राजीव शर्मा ने किया। उनके साथ स्कूल के प्रधानाचार्य कृष्ण सिंह नेगी विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रतियोगिता में सभी सदनों के 110 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। 100 मीटर की दौड़ प्रतियीगिता में रवीना और प्रताप ने गोल्ड मेडल जीता।

200 मीटर की दौड़ में प्रताप और निशा ने पहला, मुकेश और परलोका ने दूसरा स्थान हासिल किया। शॉटपुट में परलोका ने स्वर्ण, डिंपल ने सिल्वर और संतोष ने कांस्य पदक जीता।

गर्ल्स वर्ग की लंबी कूद में रवीना पहले और सरोज दूसरे स्थान पर रही। ब्वॉय वर्ग में विशाल मोहन ने पहला और प्रेम भारती ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। खो-खो में सुकरात सदन ने पहला और डीएस कोठारी सदन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में कमला व विशाल मोहन पहले, प्रेम भारती व सुजाता दूसरे स्थान पर रहे। क्रिकेट प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग ने वरिष्ठ वर्ग को हराया और वॉलीबाल में बी टीम ने बाजी मारी।

इस दौरान कार्यवाहक प्राचार्य वर्षा ठाकुर, प्राध्यापक राकेश ठाकुर, ललित कायथ, कल्याणी नेगी, हेम लता बिष्ट और डीपीई चेतन शर्मा मौजूद रहे।

अमर उजाला
4-03-2017

## बुशहर बी.एड. संस्थान नोगली मे खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन





*रामपुर बुशहर : बुशहर बी.एड. संस्थान नोगली, कलना में 2 दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान सामूहिक चित्र में विद्यार्थी व (दाएं) प्रतियोगिता में ऊंची कूद लगाती छात्रा।* (वीरेंद्र)

रामपुर बुशहर, 4 अप्रैल (नोगल): बुशहर बी.एड. संस्थान नोगली के कलना में वार्षिक 2 दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संस्थान के निदेशक ई. राजीव शर्मा ने शिरकत की। इस मौके पर संस्थान के निदेशक ने छात्रों को शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिता में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि खेलकूद से छात्रों का शारीरिक व बौद्धिक विकास भी होता है। 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रताप व रीना निल्टू ने स्वर्ण पदक हाासिल किया। 200 मीटर दौड़ में प्रताप व निशा प्रथम, छात्रा वर्ग में परलोका ने प्रथम, शॉटफुट में संतोष ने कांस्य पदक जीता है।

छात्र वर्ग में कपिल ने स्वर्ण, रमन व रोहित ने सिल्वर, मंजीत ने कांस्य पदक जीता।

लम्बी कूद में रवीना ने प्रथम, सरोज ने दूस छात्र वर्ग में विशाल व मोहन ने प्रथम, प्रेम भारती कपिल ने दूसरा, खो-खो में सुकरात सदन ने प्रथ डी.एस. कोठारी सदन ने दूसरा, ऊंची कूद में कम व विशाल मोहन नेगी ने प्रथम, क्रिकेट में जूनि टीम ने सीनियर टीम को हराया। इस मौके पर कार्यवाह प्रधानाचार्य वर्षा ठाकुर, प्राध्यापक राकेश ठाकुर, ललि कायथ, कल्याणी व हेमलता बिष्ट सहित अन्य अध्याप भी मौजूद थे।

पंजाब केसरी 5-04-201

## क्रिकेट में जूनियर टीम ने हराए सीनियर

### बुशहर बीएड संस्थान ने करवाई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

प्रतिनिधि

**रामपुर बुशहर, 3 अप्रैल।** बुशहर बीएड संस्थान नोगली में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में 110 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर संस्थान के निदेशक ई. राजीव शर्मा ने शिरकत की, जबकि उद्घाटन अवसर पर रावमापा दत्तनगर के प्रधानाचार्य कृष्ण नेगी उपस्थित रहे। सौ मीटर दौड़ में छात्र एवं छात्रा वर्ग में क्रमश प्रताप, रवीना ने स्वर्ण पदक हासिल किया। दो सौ मीटर दौड़ में प्रताप व निशा प्रथम रहे, जबकी मुकेश व परलोक दूसरे स्थान पर रहे। शाटपुट में छात्रा वर्ग से परलोक ने स्वर्ण व डिंपल ने सिल्वर व संतोष कांस्य पदक जीता। जबकि छात्र वर्ग में कपिल ने स्वर्ण व रमन एवं रोहित ने सिल्वर व मंजीत ने कांस्य पदक जीता। लंबी कूद में रुवीना प्रथम व सरोज दूसरे स्थान पर रही। छात्र वर्ग में विशाल मोहन प्रथम व प्रेम भारती, कपिल दूसरे स्थान पर रहे खो-खो में सुकरात सदन प्रथम व डीएस कठोर दूसरे स्थान पर रहा ऊंची छलांग में कमला व विशाल मोहन नेगी रहे प्रथम, प्रेम भारती व सुजाता दूसरे स्थान पर रहे। क्रिकेट में जूनियर टीम ने सीनियर टीम को हराया। बालिवाल में टीम वी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर कार्यवाहक प्रार्चाय वर्षा ठाकुर, प्रध्यापक राकेश ठाकुर, ललित कायथ, कल्याण नेगी, हेमलता, चेतना शर्मा भी मौजूद रहे।

आपका फैसला, 4-03-2017

**समारोह** बुशहर बीएड संस्थान ने धूमधाम से मनाया दसवां वार्षिक उत्सव

# डॉ. जिंदल ने सम्मानित किए होनहार विद्यार्थी




रामपुर. सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं संस्थान की छात्राएं। डीएनएस

■ डीएनएस न्यूज. [illegible]

बुशहर बीएड संस्थान नोगली में संस्थान के दसवें वार्षिक उत्सव की धूम रही। कार्यक्रम में उपमंडलाधिकारी डॉ. निपुण जिंदल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्थान के प्रिंसिपल एडवाइजर डॉ. एमएस नेगी ने वार्षिक रिपोर्ट पटल पर रखी। उन्होंने संस्थान का परिणाम हर साल शत-प्रतिशत लाने के लिए शिक्षकों को बधाई दी।

**एसडीएम ने वार्षिक पत्रिका 'द टीचर' का किया विमोचन**

इस दौरान विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को मुख्यातिथि ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यातिथि डॉ. जिंदल ने बीएड संस्थान की वार्षिक स्मारिका 'द टीचर' का विमोचन भी किया। संस्थान के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संस्थान के सचिव पवन आनंद, कोषाध्यक्ष हितेंद्र गुप्ता, निदेशक राजीव शर्मा, कर्नल रविकांत, एडिटर-इन-चीफ राकेश ठाकुर, उप-प्रधानाचार्य वर्षा ठाकुर, हितेंद्र गुप्ता, ताराचंद, सुरेंद्र शर्मा, राजीव जेटीओ, राहुल गुप्ता, पूर्व बढ़ावली पंचायत प्रधान केजी भारद्वाज, राजकुमार व पीयूष आनंद आदि मौजूद रहे।



रामपुर. मेधावियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि।



रामपुर. कार्यक्रम का लुत्फ उठाते अभिभावक व अतिथि।

## इन्हें किया गया सम्मानित

बुशहर बीएड संस्थान के वार्षिक समारोह के दौरान लड़कियों का दबदबा रहा। वर्ष 2014-17 के एकेडमिक सेशन में नेहा मेहता, सुंदर लता, ललिता चौहान ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी ने 73 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 2016 की हाउस परीक्षा में नेहा मेहता, ललिता व फूला ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाया। इसी सत्र के प्रथम सेमेस्टर में प्रियंका ने पहला, रीतिका ने दूसरा और समिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सर्वाधिक उपस्थिति का अवार्ड चौथे सेमेस्टर की रमा को मिला, जबकि दूसरे सेमेस्टर में अश्वनी ने पुरस्कार अपने नाम किया।

दैनिक न्याय सेतु 24 अप्रैल 2017

# बुशहर बीएड कालेज में सालाना जलसे की धूम

## एसडीएम निपुण जिंदल ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

■ दिव्य हिमाचल ब्यूरो, रामपुर बुशहर

बुशहर बीएड शिक्षण संस्थान नोगली में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपमंडलाधिकारी रामपुर डा. निपुण जिंदल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रशिक्षुओं द्वारा इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सभी मेहमानों का खूब मनोरंजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। संस्थान के मुख्य सलाहकार डा. एमएस नेगी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और वार्षिक रिपोर्ट उपस्थित अतिथियों के समक्ष रखी, जिसमें उन्होंने संस्थान का वार्षिक परिणाम शत-प्रतिशत होने से सभी प्राध्यापकों को बधाई दी। इस दौरान मुख्यातिथि द्वारा संस्थान की वार्षिक पत्रिका द टिचर का भी विमोचन किया गया। इस बीच प्रशिक्षुओं द्वारा लोक नृत्य,



किन्नौरी नृत्य, गिद्दा, एकल गीत, एकांकी आदि कार्यक्रमों से सभी का खूब मनोरजंन भी किया। उन्होंने पुरस्कार पाने वाले प्रशिक्षुओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का कार्य क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें शिक्षक को ईमानदारी के साथ काम कर बच्चों को भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए लगातार प्रयास करने चाहिए। अंत में उन्होंने संस्थान की गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रशिक्षुओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में सुमन, प्रेम लता, रजनी, जितेंद्र, नेहा मेहता, देशराज, मंजीत, विशाल, डिंपल, सुंदरलता, ललिता चौहान, कपिल मेहता, प्रताप, निशुपाल, प्रेमभारती, अश्वनी, प्रियंका, रमा खाची, अश्वनी कुमार शामिल हैं।

दिव्य हिमाचल 25 अप्रैल 2017

# बुशहर बीएड कॉलेज के मेधावी पुरस्कृत

अमर उजाला ब्यूरो

रामपुर बुशहर।



बुशहर बीएड शिक्षण संस्थान नोगली (कलना) में वार्षिक समारोह मनाया गया। समारोह में एसडीएम रामपुर डॉ. निपुण जिंदल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

विशेष अतिथि के रूप में कर्नल रविकांत गुप्ता मौजूद रहे। संस्थान सचिव पवन आनंद ने मुख्यातिथि को टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुत दी। संस्थान के मुख्य सलाहकार डॉ. एमएस नेगी ने वार्षिक रिपोर्ट रखी। उन्होंने संस्थान का वार्षिक परिणाम शत प्रतिशत होने से सभी प्राध्यापकों को बधाई दी। मुख्यातिथि ने संस्थान की वार्षिक पत्रिका 'द टीचर' का भी विमोचन किया। छात्रों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। मुख्यातिथि ने मेधावी सुमन वर्मा, प्रेमलता, रजनी नेगी, जितेंद्र, नेहा मेहता, देशराज, मंजीत, विशाल, डिंपल, सुंदरलता, ललिता चौहान, रमा, मुकेश, रोहित, फुला, परलोका, कपिल मेहता, प्रताप, प्रेम भारती, अश्वनी, प्रियंका नेगी, रमन, सुरेश, संतोष कुमारी, सपना को पुरस्कृत किया। रमा खाची और अश्वनी कुमार को शत प्रतिशत हाजिरी के लिए पुरस्कृत किया गया। इस दौरान संस्थान के सचिव पवन आनंद, कोषाध्यक्ष हितेंद्र गुप्ता, निदेशक राजीव शर्मा, कर्नल रविकांत, एडिटर-इन-चीफ राकेश, उप प्रधानाचार्य वर्षा, ताराचंद, सुरेंद्र शर्मा, राजीव जेटीओ, राहुल गुप्ता, केजी भारद्वाज, राज कुमार, पीयूष आनंद आदि उपस्थित रहे।

# बी.एड. कालेज नोगली में वार्षिक समारोह मनाया

## उपमंडलाधिकारी ने किया छात्र-छात्राओं को सम्मानित

रामपुर बुशहर, 24 अप्रैल (नोगल): बुशहर बी.एड. कालेज नोगली में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपमंडलाधिकारी रामपुर डा. निपुण जिंदल ने शिरकत की जबकि विशेष अतिथि के रूप में कर्नल रवि कांत गुप्ता ने भाग लिया। कार्यक्रम का आगाज छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना से किया। इस मौके पर एस.डी.एम. रामपुर ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षक भविष्य के निर्माता हैं। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि नैतिक व चारित्रिक मूल्यों को अपनाकर समाज से बुराइयों को दूर करने में जागरूकता फैलाएं। इस मौके पर उन्होंने सत्र 2014 व 15 की बी.एड. परीक्षा में अव्वल आए छात्रों को पुरस्कृत किया। इन छात्रों में प्रथम स्थान पर सुमन वर्मा, दूसरे स्थान पर प्रेम लता व तीसरे स्थान पर रही रजनी नेगी को पुरस्कृत किया। सत्र 2015 से 2017 में पाठ्य सहभागी क्रियाओं व सांस्कृतिक, खेलकूद गतिविधियों में अव्वल रहे छात्रों को पुरस्कृत किया। इसमें चतुर्थ सैमेस्टर से जीतेंद्र, नेहा मेहता, देस राज, मंजीत, विशाल, डिंपल, रमा, मुकेश, रोहित, फूला व परलोका सहित बी.एड. प्रथम वर्ष की टॉपर नेहा मेहता, सुंदर लता, ललीता चौहान को भी पुरस्कृत किया जबकि द्वितीय सैमेस्टर से टॉप टैन में फरफोमर्स कपिल मेहता, प्रताप, नीशुपाल, प्रेम भारती, अश्विनी, प्रियंका नेगी, रमन, सुरेश, संतोष कुमारी, व सपना तथा शत-प्रतिशत हाजिरी के लिए रमा खाची व अश्विनी कुमार को अवार्ड से नवाजा गया।




रामपुर बुशहर : वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बी.एड. कालेज नोगली में डांस करते प्रशिक्षु छात्र। (कैप्शन)

पंजाब केसरी 25 अप्रैल 2017

# सुमन और नेहा मेहता बने बेस्ट प्रशिक्षु

## बुशहर बीएड कॉलेज नोगली ने मनाया वार्षिक पुरस्कार समारोह




मेधावी प्रशिक्षु को पुरस्कृत करते हुए मुख्यातिथि डॉ निपुण जिंदल।

भास्कर न्यूज | रामपुर बुशहर

बुशहर बीएड शिक्षण संस्थान नोगली (कलना) में वार्षिक समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर एसडीएम रामपुर डॉ. निपुण जिंदल ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। विशेष अतिथि के रूप में कर्नल रविकांत गुप्ता मौजूद रहे। सबसे पहले प्रशिक्षुओं और निदेशक ई. राजीव शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

इसके बाद संस्थान सचिव पवन आंनद ने मुख्यातिथि को टोपी और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया, जबकि विशेष अतिथि कर्नल रविकांत को कोषाध्यक्ष हितेंद्र गुप्ता ने किया। इस दौरान संस्थान के मुख्यसलाहकार डॉ. एमएस नेगी ने वार्षिक रिपोर्ट उपस्थित अतिथियों के समक्ष रखी। उन्होंने संस्थान का वार्षिक परिणाम शत-प्रतिशत होने से सभी प्राध्यापकों को बधाई दी। इस दौरान मुख्यातिथि की ओर से संस्थान की वार्षिक पत्रिका द टीचर का भी विमोचन किया । इसी दौरान कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर समारोह में उपस्थित लोगों का मनोरजन किया।

प्रशिक्षुओं ने स्पिति डांस, लोक नृत्य, किन्नौरी नृत्य, पंजाबी गिद्दा, बुशहरी नाटी तथा फिल्मी डांस ने सभागार में उपस्थित लोगों को झूमने का मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि ने सत्र 2015-17 के मेधावी प्रशिक्षुओं को पुरस्कृत किया।

### नवाजे मेधावी प्रशिक्षु

इसमें बीएड की परीक्षा में सुमन वर्मा ने पहला, प्रेमलता ने दूसरा और रजनी नेगी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सत्र 2015-17 में विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। इसमें जितेंद्र, नेहा मेहता, देशराज, मनजीत, विशाल, डिम्पल, सुंदरलता, ललिता चौहान, रमा, मुकेश, रोहित, फुला, परलोका, कपिल मेहता, प्रताप, प्रेम भारती, अश्वनी, प्रियंका नेगी,रमन, सुरेश, संतोष कुमारी, सपना को पुरस्कृत किया गया। रमा खाची और अश्वनी कुमार को शत-प्रतिशत हाजिरी के लिए पुरस्कृत किया गया।

मुख्यातिथि ने मेधावी प्रशिक्षुओं को बधाई दी । इस मौके पर संस्थान के सचिव पवन आनंद, कोषाध्यक्ष हितेंद्र गुप्ता, निदेशक राजीव, कर्नल रविकांत, एडिटर-इन-चीफ राकेश ठाकुर, उप प्रधानाचार्य वर्षा ठाकुर, ताराचंद, सुरेंद्र शर्मा, राजीव जेटीओ, राहुल गुप्ता, पूर्व बढ़ावली पंचायत प्रधान केजी भारद्वाज, राज कुमार, पीयूष आनंद व कई मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर 25 अप्रैल 2017